भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2262

दिनांक 31.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

करतारपुर साहिब कॉरिडोर

2262. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:

श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर जो भारत से सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब तक वीजा मुक्त पहुंच प्रदान करता है, को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो सुरक्षा खतरे, सीमा–पार तनाव और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए गलियारे के दुरुपयोग के बारे में चिंताओं सहित निरंतर निलंबन के मुख्य कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार को सिख समुदाय के नेताओं, संसद सदस्यों और नागरिक समाज से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें इस गलियारे के अत्यधिक धार्मिक और भावनात्मक महत्त्व को देखते हुए इसे शीघ्र पुनः खोलने का अनुरोध किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा सुरक्षा और राजनयिक चिंताओं को दूर करने और भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर साहिब कॉरिडोर सेवाओं को सुरक्षित और समय पर बहाल करने के लिए पाकिस्तान सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और क्या यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता न किया जाए?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से घ) भारत गणराज्य की सरकार और इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान की सरकार के बीच दिनांक 24 अक्टूबर 2019 को पाकिस्तान के गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर की यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधा के उद्देश्य से एक

समझौता हस्ताक्षरित किया गया, ताकि तीर्थयात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जा सके कि और उन्हें इस पवित्र गुरुद्वारे तक आसान एवं सुगम पहुंच प्रदान की जा सके तथा गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती के अवसर पर कॉरिडोर को चालू किया जा सके। अक्टूबर 2024 में इस समझौते को 5 वर्ष की अवधि के लिए और बढ़ा दिया गया था।

तथापि, पहलगाम आतंकवादी हमले के पश्चात, श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सेवाएं 07 मई 2025 से निलंबित कर दी गईं। हालाँकि, सरकार को श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के संबंध में सिख धार्मिक समूहों और संगठनों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निलंबित रहना आवश्यक है।

******